भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 109

उत्तर देने की तारीख : 02.02.2023

हज कोटे का आबंटन

109. प्रो. सौगत राय:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आगामी हज यात्रा के लिए विभिन्न राज्य सरकारों को आबंटित हज कोटे का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कुछ राज्य सरकारें इस हेतु अधिक तीर्थयात्रियों को अनुमति देने की मांग कर रही हैं, और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

<u>उत्तर</u>

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (ग) मंत्रालय ने हज प्रबंधन पर राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (UTs) की हज समितियों सहित हितधारकों के साथ कई संवादात्मक सत्र आयोजित किए हैं जिनमें हज कोटा को लागू करने के लिए अनुरोध प्राप्त हुए थे। हज 2023 के लिए सऊदी अरब राज्य (KSA) के साथ वार्षिक द्विपक्षीय समझौते के तहत इस मुद्दे को उठाया गया था और कोविड-19 की चुनौतियों के बावजूद देश का मूल हज कोटा 1,75,025 हज 2023 के लिए बहाल किया गया। हज 2023 के लिए वार्षिक द्विपक्षीय समझौते के तहत भारतीय हज समिति (HCoI) के लिए निर्धारित कोटा विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के तीर्थयात्रियों के लिए है। हज कोटा में वृद्धि ने अब सरकार को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से हज हेतु अधिक तीर्थयात्रियों को भेजने में सक्षम बनाया है।

******